YouTube Learning के कॉन्टेंट की मदद से समता और सशक्तीकरण बढ़ाना

समानता बनाम समता

समानता का लक्ष्य निष्पक्षता को बढ़ावा देना है. हालांकि, यह सिर्फ़ तब काम कर सकती है, जब सबकी ज़रूरतें एक जैसी हों और सबको एक जैसी मदद चाहिए हो.

समता तब होती है, जब सबको सफल होने के लिए, उनकी ज़रूरतों के हिसाब से संसाधन उपलब्ध कराए जाएं. वहीं, समानता का मतलब सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करने से है.

"अगर छात्र/छात्राओं की डीप लर्निंग के लिए बेहतर स्थिति बनानी है, **जो उनकी व्यक्तिगत ज़रूरतों के हिसाब से सबसे सही हो, तो सीखने के दौरान** छात्र/छात्राओं का सम्मान और उनकी परवाह करना ज़रूरी है."

- बेल हुक्स

हमारा मानना है कि YouTube पर, शिक्षकों और सीखने वालों के लिए ऑनलाइन वीडियो एक बेहतरीन संसाधन हो सकता है. इससे उन्हें सीखने की अपनी प्रक्रिया में, हर कदम पर मदद मिल सकती है.
शिक्षा से जुड़ा कॉन्टेंट, वंचित वर्ग के सीखने वालों के लिए, सशक्तीकरण के एक सोर्स की तरह काम करता है. इसकी मदद से, शिक्षा से जुड़ी असमानताओं को दूर किया जा सकता है.

सशक्तीकरण = ज़रूरी मदद से लोग, अपनी पसंद के हिसाब से सीख या सिखा सकते हैं. इसके लिए, YouTube क्रिएटर्स के कारगर और सही कॉन्टेंट की मदद ली जा सकती है.

यह गाइड, रणनीति बनाने में क्रिएटर्स की मदद करने के लिए तैयार की गई है. इसका मकसद दुनिया भर के सीखने वालों, शिक्षकों, और देखभाल करने वालों की ज़िंदगी को बेहतर बनाना है. **यह गाइड, प्राथमिक शिक्षा** से **पोस्ट सेकंडरी एजुकेशन तक,** पहले से बनाए गए कॉन्टेंट पर निर्भर करती है. इससे, कॉन्टेंट के लिए प्लान बनाने और डिज़ाइन करने के बारे में अहम जानकारी मिलती है.

**सीखने वाले सभी लोगों पर असर डालने के लिए,
क्रिएटर्स दो मुख्य सवालों के बारे में सोच सकते हैं:**

मेरे कॉन्टेंट के विषय और डिज़ाइन, वंचित वर्ग के लोगों को सीखने में कैसे मदद कर सकते हैं?

मेरा कॉन्टेंट, लोगों के बीच जागरूकता को कैसे बढ़ा सकता है और सीखने वालों की मदद कैसे कर सकता है?

ऐसे कौनसे तरीके हैं जिनकी मदद से आपके कॉन्टेंट में, सीखने वाले सभी लोगों को बेहतर और एक जैसा अनुभव मिल पाए?

यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं:

1 अपने मौजूदा और भावी दर्शकों की पसंद और ज़रूरतों की हर बारीकी पर ध्यान दें.

- **उदाहरण के लिए, जेन ज़ी (1997 और 2009 के बीच पैदा हुए लोग) दुनिया की आबादी का करीब 30% हिस्सा हैं.** अगर यह आपकी टारगेट ऑडियंस है, तो इस बारे में सोचें कि दुनिया की समस्या को उनके हिसाब से कैसे हल किया जा सकता है. साथ ही, आपका कॉन्टेंट पेशेवर तैयारी और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में कैसे मदद कर सकता है.[1]

- **"गैर-परंपरागत" छात्र/छात्राओं की मदद करने के तरीकों के बारे में सोचें. इन्हें स्कूल जाने के साथ-साथ काम और दूसरी ज़िम्मेदारियों से जूझना पड़ता है.** नामांकन के पैटर्न के हिसाब से (जैसे, पार्ट-टाइम अटेंडेंस और हाई स्कूल या ग्रेजुएशन होने के कई वर्षों बाद कॉलेज जाना), अमेरिकी कॉलेज के करीब तीन-चौथाई छात्र/छात्राओं को गैर-परंपरागत माना जा सकता है.[2] इसमें छात्र/छात्राओं की आर्थिक और पारिवारिक वजहें भी शामिल हैं. जैसे, उनकी देखभाल में एक या एक से ज़्यादा बच्चे होना, एकल अभिभावक होना,[3] या स्कूल के साथ-साथ फ़ुल-टाइम जॉब करना. आपका कॉन्टेंट उनके जीवन, पसंद, और सीखने से जुड़ी ज़रूरतों को कैसे पूरा कर सकता है?

Single Mom Resources

Working as a student

2 विषय और फ़ॉर्मैट की कमियों पर ध्यान दें. ऐसे कौनसे विषय हैं जिन पर शिक्षा से जुड़ा अच्छा कॉन्टेंट बनाया जा सकता है?

- **अहम बुनियादी कौशल को बेहतर बनाने में मदद करें. जैसे, पढ़ना.** ऐसे फ़ॉर्मैट का इस्तेमाल करें जिनसे साक्षरता को बढ़ाने में मदद मिल सके (जैसे, ज़ोर से पढ़ना, काइनैटिक टाइपोग्राफ़ी).

- **क्या लोकप्रिय विषयों के लिए, *फ़ॉर्मैट के टाइप* की कमी है (जैसे, ऐनिमेशन, होमवर्क में मदद, कैसे करें, और लेक्चर)?** कौनसा तरीका अपनाकर अपना कॉन्टेंट दिखाया जा सकता है, जिससे सीखने वालों को सीखने के नए तरीके मिल सकते हैं?

Inside your computer - Bettina Bair

How Computers Work: What Makes a Computer, a Computer?

- **सीखने के दौरान, कॉलेज के माहौल जैसा अनुभव देने के लिए बने "अलग पाठ्यक्रम" या "सामान्य नियमों" के बारे में आपका क्या ख्याल है?** क्या आपका कॉन्टेंट ऐसे "लाइफ़ कोच" विषयों को कवर कर सकता है जिनसे कोर्सवर्क या क्लासरूम के बाहर भी, सीखने वालों को मदद मिल सके?

5 tips to improve your critical thinking - Samantha Agoos

1. Ernst & Young, अप्रैल 2021 | 2. Best Colleges, जनवरी 2022 | 3. Best Colleges, जनवरी 2022

3 ऐसे तरीकों से वीडियो बनाएं जिनसे हर किसी को मदद मिले.

- **इस बारे में सोचें कि सीखने के अनुभव पर क्या असर पड़ सकता है,** अगर सीखने वाले लोगों के पास सिर्फ़ छोटी स्क्रीन वाला मोबाइल डिवाइस हो.
- **सुलभता के बारे में सोचें.** दिव्यांग[5] लोगों के लिए वीडियो की रणनीतियां बनाने और अपने वीडियो को ज़्यादा लोगों तक पहुंचाने[4] के लिए सलाह देखें.

This Blind Gamer Teaches Me to Play Mortal Kombat | Subcultured

4 सीखने वाले लोगों से, उनके सीखने की प्रोसेस पर सोचने के लिए कहें.

- **मेटाकॉग्निशन की प्रोसेस से, सीखने वाले अपने विचारों के बारे में सोच पाते हैं.** इसकी मदद से, वे सीखने की प्रोसेस को बेहतर बना सकते हैं और कम असरदार तरीके से पढ़ाई करने या सोचने की आदतों से भी बच सकते हैं. सीखने वालों को चीज़ें खुद समझनी चाहिए, ताकि पता चल सके कि वे किसी विषय के बारे में कितना जानते हैं. इसके बाद, उन्हें यह सोचना चाहिए कि ज़्यादा जानने के लिए और क्या किया जा सकता है.
- **वीडियो में सवाल जोड़ने जैसी सुविधाओं का इस्तेमाल करें.** इसके अलावा, अपने कॉन्टेंट के हिसाब से शिक्षकों[8] को संसाधन उपलब्ध कराने के लिए, लर्निंग मीडिया ऑर्गेनाइज़ेशन के साथ काम किया जा सकता है. इन संसाधनों का इस्तेमाल, Google Classroom पर भी किया जा सकता है.

5 सीखने की प्रोसेस को सीखने वालों की पहचान, कम्यूनिटी, और ज़िंदगी से जोड़ें.

- **पढ़ाने वाले विषयों को वैश्विक घटनाओं और बड़े मुद्दों से जोड़ें** (जैसे, National Academy of Engineering Grand Challenges[6] या United Nations Sustainable Development Goals).

What Does a 95% Effective Vaccine Really Mean?

- **कॉन्सेप्ट की समझ और उत्सुकता को** अनौपचारिक शिक्षा के ज़रिए बढ़ाएं, जिसमें रोज़मर्रा की ज़िंदगी और आस-पास की दुनिया के बारे में बताया गया हो.

Why do mirrors flip horizontally (but not vertically)?

What Makes Things Magnetic? | PBS KIDS

- सीखने वालों के बीच बातचीत और कम्यूनिटी को बढ़ावा देने के लिए, YouTube की सुविधाओं का इस्तेमाल करें. जैसे, पिन की गई टिप्पणियां.



YouTube Comments: Replying, Filtering and Moderating

6 यह समझाएं कि कौशल और करियर आपस में कैसे जुड़े हुए हैं.

- **ऐसा हो सकता है कि कोर्स आसानी से समझ में न आएं. इससे यह समझने में मुश्किल हो सकती है कि ये करियर को बेहतर बनाने में कैसे मदद करते हैं.** कॉन्टेंट में, पेशेवरों के बारे बताया जा सकता है. साथ ही, यह बताया जा सकता है कि वे अपने काम में किस तरह के कौशल का इस्तेमाल करते हैं. कॉन्टेंट के ज़रिए यह भी दिखाया जा सकता है कि अलग-अलग करियर फ़ील्ड हमारी दुनिया और रोज़ाना की ज़िंदगी पर क्या असर डालते हैं. इससे, यह भी बताया जा सकता है कि आने वाला समय कैसा होगा.

What is NASA STEM Stars?

4. Bureau of Internet Accessibility, अप्रैल 2019 | 5. Edutopia, मार्च 2020 | 6. National Academy of Engineering | 7. संयुक्त राष्ट्र | 8. PBS Learning Media

7 अपने वीडियो में बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को शामिल करें.

- **कमज़ोर तबकों के लोगों के लिए, संस्कृति के हिसाब से वीडियो बनाएं.** इसमें खास तौर पर ऐतिहासिक लोगों, शिक्षकों, छात्र/छात्राओं, और अलग-अलग बैकग्राउंड से आने वाले पेशेवरों को शामिल करें. कैमरे के सामने और पीछे, हर तरह के लोगों को शामिल करने के सबसे सही तरीकों से जुड़ी सलाह पाने के लिए, सभी को ध्यान में रखकर वीडियो बनाने की सलाह वाला दस्तावेज़ (इन्क्लूज़न ड्राइवर) देखें.

Black People Made That! Intellectual Property and US Patents



Introduction to sustainability| Land and water use| AP Environmental science| Khan Academy



Create Inclusive Videos to Reach More Viewers

- **अपने वीडियो में अलग-अलग तरह के विचारों को भी शामिल करें.**
यह ज़रूरी है कि इतिहास को छिपाने या सिर्फ़ उपनिवेशवाद की तारीफ़ करने से बचा जाए. किसी ग्रुप को हाइलाइट करने के बजाय, जितना मुमकिन हो सके असल लोगों की उपलब्धियों के बारे में बताएं.



Failure of Reconstruction | AP US History | Khan Academy

- **शब्दों का सोच-समझकर इस्तेमाल करें.** पक्का करें कि अहम शब्दों को अच्छी तरह समझाया गया हो, ताकि उनसे वीडियो को समझने में कोई परेशानी न हो.

- **वैश्विक नज़रिया अपनाएं.** अगर आपके वीडियो दूसरी भाषाओं में उपलब्ध हैं, तो उन्हें दुनिया भर में ज़्यादा लोगों तक कैसे पहुंचाया जा सकता है?

- **प्रतीकवाद से बचें.** यह ज़रूरी है कि आपके वीडियो में कभी-कभार होने वाले इवेंट के बजाय, हमेशा सभी को ध्यान में रखा जाए (जैसे, ब्लैक हिस्ट्री मंथ, एशियन अमेरिकन एंड पैसिफ़िक आइलैंडर हेरिटेज मंथ).

प्रतीकवाद का मतलब, समाज के कमज़ोर तबके से आने वाले बहुत कम लोगों को, सिर्फ़ दिखावे के लिए शामिल करना है. ऐसा लिंग या नस्ल की समानता का दिखावा करने के लिए किया जाता है.

सीखने में मदद करने के लिए, क्रिएटिव और यूनीक वीडियो बनाने के लिए आपका धन्यवाद. वाकई, इससे काफ़ी फ़र्क़ पड़ता है.

"शिक्षा को **अपनी योग्यता बढ़ाने का तरीका मानना चाहिए,** क्योंकि हम सब कोई न कोई सपना ज़रूर देखते हैं और उसे पूरा करने की आशा भी रखते हैं. शिक्षा की मदद से, इसे पूरा करके **सभी के लिए फ़ायदेमंद बनाया जा सकता है.**"

- जॉन एफ़. केनेडी